## प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 20.01.2025 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

**1-अवैध चाकू के साथ 01 गिरफ्तार थाना मझोलाः-**

अवगत कराना है वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 20.01.2025 को थाना मझोला पुलिस द्वारा अभियुक्त केशव भारद्वाज पुत्र गंगाराम निवासी एक के टेलर्स वाली गली हनुमान नगर थाना मझोला जनपद मुरादाबाद को 01 अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध थाना मझोला पर मु0अ0सं0-31/25 धारा-4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है, अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।



**गिरफ्तार अभियुक्तः-**

केशव भारद्वाज पुत्र गंगाराम निवासी एक के टेलर्स वाली गली हनुमान नगर थाना मझोला जनपद मुरादाबाद

**बरामदगीः-**

एक अवैध चाकू।

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

उ0नि0 भानु प्रताप

हे0का0 मुहम्मद असलम

कांस्टेबल लविश

**2-अमानत में ख्यानत करने का आरोपी गिरफ्तार थाना पाकबड़ाः-**

अवगत कराना है कि दिनांक 10.01.2025 को वादी दिव्यांशु जायसवाल पुत्र श्री हरिनारायन जायसवाल निवासी कस्बा व थाना पडरौना जिला कुशीनगर ने अभियुक्त द्वारा वादी के गोदाम से 24 टन लहसुन को लेकर दिल्ली भेजने के लिए कहकर जाना व रास्ते से साथ हमराह मुशीं को छोडकर मौके से मय 24 टन लहसुन के साथ ट्रक/डीसीएम को लेकर चले जाकर अमानत में ख्यानत करने के सम्बन्ध में थाना पाकबड़ा पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना पाकबड़ा पर मु0अ0सं0-14/2025 धारा-316(3) बीएनएस पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 20.01.2025 को उ0नि0 राजकिशोर शर्मा थाना पाकबड़ा द्वारा हमराही पुलिस बल, अभियुक्त शहजाद पुत्र रज्जाक निवासी आदर्श नगर गढ मुक्तेश्वर जिला हापुड को गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से 40,000/- रूपये बरामद किये गये। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गई है, अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।




**गिरफ्तार अभियुक्तः-**

शहजाद पुत्र रज्जाक निवासी आदर्श नगर गढ़ मुक्तेश्वर जिला हापुड

**बरामदगीः-**

40,000/- रूपये

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

उ0नि0 राजकिशोर

उ0नि0 लोकेश कुमार

का0 बब्लू सिंह व का0 प्रभात पुन्डीर

**3-हत्या करने का 01 और आरोपी गिरफ्तार थाना नागफनीः-**

अवगत कराना है कि दिनांक 15.11.2025 को वादी मौ0 मोहसीन पुत्र स्व0 मौ0 रफीक नि0 मैराज वाली गली दौलतबाग थाना नागफनी मुरादाबाद ने अभियुक्तगण द्वारा एक राय होकर वादी के भाई की चाकू मारकर हत्या कर देने के सम्बन्ध में थाना नागफनी पर तहरीर देकर मु0अ0सं0-278/2024 धारा-191(2),191(3),190,103(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में थाना नागफनी पुलिस द्वारा पूर्व में 06 अभियुक्तगण 1-इकराम 2-शाहनवाज 3-दिलशाद 4-सरफराज 5-एहसान पुत्रगण शमशाद हुसैन 6-शमशाद हुसैन पुत्र स्व0 अब्दुल मजीद निवासीगण अंडे वाली गली थाना नागफनी जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार कर भेजा गया। उक्त क्रम में आज दिनांक 20.01.2025 को मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित 01 अन्य अभियुक्त **शकील उर्फ अण्डा पुत्र खलील अहमद निवासी अण्डे वाली गली गली न0-2 थाना नागफनी जनपद मुरादाबाद** को गिरफ्तार किया गया है, अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।




**गिरफ्तार अभियुक्तः-**

शकील उर्फ अण्डा पुत्र खलील अहमद निवासी अण्डे वाली गली गली न0-2 थाना नागफनी जनपद मुरादाबाद

**आपराधिक इतिहास –**

1-मु0अ0स0 056/2014 धारा 147/ 148/ 149/ 323/ 336/ 504/ 506 आईपीसी

2-मु0अ0सं0 267/2016 धारा 147/ 148/ 149/ 307/ 452/ 504/ 506 आईपीसी

3-मु0अ0सं0 278/24 धारा 191(2),191(3),190,103(1) बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना नागफनी

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

उ0नि0 सलाउद्दीन

उ0नि0 अंकुर मलिक

उ0नि0 विष्णु कुमार

**4-थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा, रुपयों का हार चोरी करने के 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा बाल अपचारी को हिरासत/निगरानी में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, कब्जे से 5,000/- रुपये बरामद।**

अवगत कराना है कि दिनांक 19.01.2025 को वादी हिमाशु पुत्र अशोक नि0 भोलानाथ कालोनी डबल फाटक थाना कटघर जनपद मुरादाबाद ने अभियुक्तगण द्वारा वादी की दुकान के बाहर से 100 -100 के नोट की माला उतार कर ले जाने के जाने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर तहरीर देकर मु0अ0सं0-007/2025 धारा - 303(2)/317(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 20.01.2025 को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अभियुक्त हितेश कुमार सिंह पुत्र निखिल भारती निवासी गली न0 6 प्रेमनगर लाइनपार थाना मझोला जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया तथा 01 बाल अपचारी को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, इनके कब्जे से 5,000/- रुपये व घटना मे प्रयुक्त मोटर साइकिंल प्लसर बरामद की गई है, बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गई है, अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।



**गिरफ्तार अभियुक्तः-**

हितेश कुमार सिंह पुत्र निखिल भारती निवासी गली न0 6 प्रेमनगर लाइनपार थाना मझोला जनपद मुरादाबाद
01 बाल अपचारी

**बरामदगीः-**

5000/- रुपये।

**आपराधिक इतिहासः-**

1-मु0अ0सं0 07/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद मुरादाबाद।
2-मु0अ0सं0 24/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना पाकबडा जनपद मुरादाबाद।

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

म0उ0नि0 राजबेन्द्र कौर
उ0नि0 मनोज कुमार
उ0नि0 ललित कुमार
का0 विनीत कुमार

**5-जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने के 08 आरोपीगण को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।**

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 20.01.2025 को जनपद मुरादाबाद द्वारा 08 आरोपी को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।